India. This is a malicious and baseless accusation against the Government by interested quarters.

UPA Government reiterates that the Arab TV channels like Al-Jazeera, Al-Arabia, Q TV have not yet applied to be downlinked in India till date. Hence they cannot be transmitted / re-transmitted through cable networks / DTH in India, for public viewing. However, they are still free to apply afresh for registration under the Downlinking Guidelines, if they so desire and they will have similar opportunities like others.

The Policy Guidelines for Downlinking issued on 11th November, 2005, a list of 65 Channels uplinked from abroad, who had applied upto 10th May, 2006 and permitted to continue beaming *vide* notification issued on 11th May, 2006 and other related documents are available on Ministry's website: *www.mib.nic.in*.

A press release clarifying the above status has been issued on 7.8.2006 by the Ministry on which reports have been carried by newspapers, both within and outside the country. Ministry of External Affairs has also sent a detailed Fax message dated 7.8.2006 to all missions in the Gulf and WANA regions to rebut the malicious and false information carried by the paper

---

HALF-AN-HOUR DISCUSSION

Points arising out of the Answer given in the Rajya Sabha on 26th July, 2006 to Starred Question No.44 regarding "Special Economic Zones"

श्री सभापति : श्री रामदास अग्रवाल।

श्री रामदास अग्रवाल (राजस्थान): माननीय सभापति जी, मेरे प्रश्न संख्या 44, दिनांक 26 जुलाई, 2006 को इस विषय पर जो उत्तर दिया गया था, उसके बाद यह प्रश्न खड़ा हुआ कि इस पर हाफ् एन ऑवर चर्चा की जाए। उसके लिए आपने अनुमति दी, आपका धन्यवाद।

महोदय, हम सब जानते हैं कि निर्यात संवर्द्धन एवं प्रोत्साहन के लिए सरकारें समय-समय पर अनेक प्रकार की सहूलियतें, फैसिलिटीज़, करों से छूट और अन्य आकर्षण प्रदान करती है, जिसके परिणामस्वरूप निर्यात बढ़े और उद्योगों को प्रोत्साहन मिले। श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार के समय एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग जोन्स, ई0ओ0ईज़0 के क्षेत्र में बढ़ाते हुए, आर्थिक प्रगति को द्रुत गति प्रदान करने के लिए तथा उसे और सक्षम बनाने के लिए एस0ई0जेड्स0 की पॉलिसी का निर्णय किया गया था ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति : माननीय सदस्य, इसमें आपको क्लैरिफिकेशन करने हैं ...**(व्यवधान)**... पहले उनका जवाब होगा, बाद में आप क्लैरिफिकेशन कराएँ ...**(व्यवधान)**...

श्री रामदास अग्रवाल : मैं कर रहा हूँ, सर। पूछ रहा हूँ। ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति : पहले वे बोलेंगे, फिर हाफ एन आवर चर्चा होगी ...**(व्यवधान)**... अच्छा, पहले ये बोलेंगे? ...**(व्यवधान)**... ठीक है, बोलिए।

श्री रामदास अग्रवाल : जी, हाँ। ऐसा ही परसों हुआ था, इसीलिए मैं अर्ज कर रहा हूँ। ...**(व्यवधान)**... सर, राजग सरकार ने भी एस0ई0जेड्स0 को प्रोत्साहित करने के लिए इस नीति का निर्धारण किया था। आगे चलकर आपने इसको एक कानून का रूप प्रदान कर दिया। 10 फरवरी, 2006 को यह वास्तविक कानून के रूप में परिवर्तित हो गया। एस0ई0जेड्स0 बनाने के पीछे दोनों सरकारों का उद्देश्य था- निर्यातोन्मुखी औद्योगिक विकास करना। सभापति महोदय, ग्लोबल इकोनॉमिकीय होड़ में हमारे भारत के उद्योग या निर्यातक किसी प्रकार से दुनिया के बाजार में प्रतिस्पर्धा का सामना कर सकें और उसके अनुसार वे अपने प्रोडक्ट्स की मार्केटिंग कर सकें, इस दृष्टि से सरकारों ने ये ई0ओ0ईज़0, एस0ई0जेड्स0, इत्यादि सब व्यवस्थाएँ कीं। इन सारी चीजों को लागू करने के लिए एस0ई0जेड्स0 का खास तौर से जो नया कंसेप्ट हमारे देश में आया है, उसमें शुल्क-मुक्त, यानी सब प्रकार के शुल्कों से मुक्ति, न कोई सेल्स टैक्स, न कोई इनकम टैक्स, न एक्साइज़ ड्यूटी और न ही कस्टम ड्यूटी इस प्रकार के जो सारे टैक्स दूसरे उद्योगों को देने पड़ते हैं, वे इन सबसे कर मुक्त होंगे, जो एसईजेड्स में स्थापित होंगे। एक तरह से ये एसईजेड्स उन लोगों के लिए हैवन है, जो इसमें उद्योग लगाते हैं, क्योंकि ये टैक्स-फ्री हैं। इस तरह आप यह टैक्स-फ्री जोन्स का निर्माण करने जा रहे हैं।

सभापति महोदय, मैं यहां खड़ा हुआ हूँ, इसका अर्थ हमारे माननीय मंत्री जी यह न सोचें कि मैं कोई एसईजेड्स का विरोध कर रहा हूँ। मैं विरोध इसलिए नहीं कर सकता, क्योंकि हमारी सरकार ने एसईजेड्स को प्रोत्साहित किया था, लेकिन मैं माननीय मंत्री जी को यह बताना चाहता हूँ कि इस समय एसईजेड्स को जो सहूलियतें प्रदान की जा रही हैं और जो खासतौर से टैक्स के मामले में फैसिलिटीज दी जा रही हैं, उसके कारण, जैसा मैंने उस दिन भी कहा था, कि एसईजेड्स के लिए होड़ लगी हुई है, भीड़ लगी हुई है। इसका कारण है कि जो छूटें दी गई हैं, वे अप्रत्याशित हैं और बहुत बड़ी हैं। इन सारी छूटों के कारण जो उद्योग लगाना चाहते हैं, चाहे वे देशी कंपनियां हों या हमारे यहां विदेशी सहायता से चलने वाली कंपनियां हों, उन कंपनियों के सारे के सारे लोग एसईजेड्स के द्वारा स्थापित उद्योगों का लाभ उठाने के लिए इधर दौड़ रहे हैं।

सभापति महोदय, मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान इसलिए आकर्षित करना चाहता हूँ कि आपकी सरकार ने अभी तक कुल मिलाकर 150 एसईजेड्स के लिए कैप निर्धारित किया था, लेकिन आपके पास अभी तक 150 के बाद भी 200 एप्लीकेशन्स और आई हैं। इसका मतलब 350 एसईजेड्स के लिए आपके पास एप्लीकेशन्स हैं। मैं सरकार की दुविधा को समझ सकता हूँ कि जब उनके पास इतनी एप्लीकेशन्स हों, तो उसमें से वे कितनी एप्लीकेशन्स को मंजूर करें, क्योंकि 150 का आपका कैप लगा हुआ है।

श्री सभापति : माननीय सदस्य, जरा जल्दी करिए, क्योंकि आधे घंटे में इसे खत्म करना है।

श्री रामदास अग्रवाल : सभापति महोदय, मैं खत्म कर रहा हूँ। आपने अनुमति दी है।

श्री सभापति : अनुमति दी है, मेरी गलती नहीं है। इसके लिए हाफ् एन आवर का समय है।

श्री रामदास अग्रवाल : सर, गलती नहीं है, मगर जरा कृपा करें। ...**(व्यवधान)**...

श्री रुद्रनारायण पाणि (उड़ीसा): सर, यह सारा मामला आधे घंटे में होगा या इस पर वक्ता आधा घंटा लेंगे?

श्री सभापति : सारा मामला आधे घंटे में होना है।

श्री रामदास अग्रवाल : सर, मैं आधा घंटा नहीं बोलूंगा।

श्री सभापति : नहीं, आप जल्दी खत्म करें। आपके बाद भी बहुत सदस्य बोलने वाले हैं।

श्री रामदास अग्रवाल : सर, मैं बहुत संक्षिप्त में बोलूंगा। मेरे ऊपर दया करें।

श्री सभापति : नहीं, दया का सवाल ही नहीं है। रूल्स में लिखा ही नहीं है कि दया की जाए। रूल्स में लिखा होता, तो मैं दया करता। आप जल्दी खत्म करें।

श्री रामदास अग्रवाल : सभापति महोदय, हमारी केन्द्र सरकार की दुविधा है, ऐसा मुझे लगता है। अभी कुछ दिन पहले केन्द्र सरकार के अंदर इस मामले को लेकर दुविधा उत्पन्न हुई और मिनिस्टर ऑफ फाइनेंस ने एक छोटा सा वक्तव्य दे दिया, जो अखबारों में छपा है और जिसे मैं कोट करना चाहता हूँ - "The MoF has raised concern that SEZ licences could be challenged in the court as there are no clear guidelines for selection. It has also been said, a move, as suggested by the Commerce Minister, to raise the cap on the number of SEZs should be put in abeyance. It is clear that guidelines are formulated."

सभापति महोदय, मैं खासतौर से यह बात इसलिए उठाना चाह रहा हूँ, क्योंकि लाखों करोड़ों रुपए का इन्वेस्टमेंट करके हजारों एकड़ भूमि में यह एसईजेड्स लगाने की योजना का विस्तार किया जा रहा है। विस्तार स्वागत योग्य है, लेकिन आपके यहां से कल ही एक वक्तव्य छपा है, जो अखबारों में भी आया है कि आप स्वयं अपने रूल्स के अंदर परिवर्तन करना चाहते हैं, क्योंकि इन रूल्स के द्वारा आपको यह लगा है कि इनका कहीं न कहीं दुरुपयोग इस रूप में हुआ है। आज यह एक बहुत बड़ा महत्वपूर्ण विषय बन गया है।

श्री सभापति : महत्वपूर्ण है, लेकिन समय भी देखना है।

श्री रामदास अग्रवाल : सर, दुरुपयोग तो सामने लाना पड़ेगा।

श्री सभापति : लेकिन दुरुपयोग में ज्यादा टाइम मत लो।

श्री रामदास अग्रवाल : सभापति महोदय, जो दुरुपयोग हुआ है, उस पर बोलना महत्वपूर्ण है, क्योंकि जो इंडस्ट्रीज लग रही हैं एसईजेड्स में, वहां लोग अपने पुराने अटारे उठा-उठा करके ला रहे हैं और वहां लाकर के उसके सारे बेनेफिट्स लेने की कोशिश कर रहे हैं। इसलिए शायद आपने यह नियम बनाने का प्रावधान किया है, जैसा कि अखबारों में छपा है कि आगे आने वाले समय में आप ऐसा नियम बनाएंगे। आप बनाएंगे या नहीं बनाएंगे, वह तो आप कहेंगे, लेकिन अखबार में इसकी सूचना आई है कि ऐसा नियम बनाया जाएगा ताकि लोग अपने पुराने उद्योगों को उठाकर, लाकर एसईजेड्स में स्थापित न कर सकें और जब वह नया इंवेस्टमेंट करेंगे, तभी जाकर के उनको टैक्स बेनिफिट मिलेगा। क्या आप ये नियम बनाने जा रहे हैं, क्योंकि अखबारों में ऐसा छपा है, क्या आपने अपना 150 का जो कैप अपना लिया है, उसमें परिवर्तन करने जा रहे हैं और बाकी के उद्योगों को भी उसका लाइसैंस देने जा रहे हैं, ऐप्रूवल आफ लैटर देने जा रहे हैं? एक तो यह मेरा स्पेसिफिक प्रश्न आपके सामने है।

इसके साथ ही एक और बहुत ही महत्वपूर्ण प्रश्न है, सभापति महोदय, आपको जानकारी है कि जमीन का मामला यद्यपि स्टेट्स का मामला है, लेकिन मैं अपने कॉमर्स मिनिस्टर से कहना चाहूंगा कि आपको मालूम है कि अभी कुछ दिन पहले ही यू0पी0 में हमारे एक पूर्व प्रधान मंत्री जी, वहां पर उद्योग लगने वाला था, वहां पर धरने पर जाकर बैठ गए, क्योंकि किसानों को जब तक जमीन नहीं मिले, उद्योग नहीं लगेगा और वहां जाकर उन्होंने धरना दे दिया, लेकिन हरियाणा में किसी एक उद्योग ने 25,000 हैक्टेयर जमीन की मांग की ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति : वह सबको मालूम है, आप इन पर टाइम वेस्ट मत करो।

श्री रामदास अग्रवाल : सभापति जी, सवाल यह आता है कि जिस जमीन पर आप उद्योग लगाना चाहते हैं, वह जमीन किसानों की है और मैं इसलिए कहना चाहता हूं कि किसानों की जमीन को इस प्रकार से अगर लिया जाता है, तो क्या उनको प्रॉपर कम्पनसेशन देने के लिए आप इसको केवल राज्य सरकार के हाथ में छोड़ देंगे? मैं चाहता हूं कि जब आप नियम-कानून बना रहे हैं तो इस प्रकार की व्यवस्था करें कि किसानों को वहां पर नौकरी मिले, किसानों को प्रॉपर कम्पनसेशन मिले, किसानों की उनकी जमीन में, जैसा, सभापति महोदय, आपको मालूम होगा कि राजस्थान सरकार ने एक व्यवस्था बनाई थी कि जो जमीन SEZ के लिए ली जा रही है, उस जमीन में से 25 प्रतिशत डेवलप्ड लैंड उस किसान को दी जाएगी - 20 परसैंट उसके रेज़िडेंस के लिए और 5 परसैंट कमर्शियल यूज़ के लिए दी जाएगी, तो मैं कहना चाहता हूं कि ऐसी व्यवस्था होने से किसानों के आन्दोलन को कम किया जा सकता है, उनमें उठने वाले रोष को रोका जा सकता है। क्या आप ऐसी व्यवस्था दूसरी जगहों पर भी करवा सकते हैं या आप कहीं पर ऐसा कोई नियम बनाएंगे ताकि जो व्यवस्था है, उससे किसानों में आन्दोलन पैदा न हो, रोष पैदा न हो?

मेरा एक अंतिम और महत्वपूर्ण सवाल यह है कि मेरे प्रश्न के उत्तर में हमारे वित्त मंत्री महोदय ने कहा है, सभापति जी, आप भी जरा ग़ौर करें, मैंने प्रश्न पूछा था :-

"Whether Government has so far made any assessment as to how much money is being lost by way of various concessions, subsidies, relaxations

being given by Government to industry, SEZs, EPZs and FTZs and reduction in excise duty..."

सर, उसका जवाब है :-

"Yes, Sir, the estimated overall revenue for loan on account of various concessions given by Government amounts to Rs. 1,58,660 crores in the year 2004." 1,58,000 करोड़ रुपया दिया गया है इन सारे कन्सैशंस में और जो एक्सप्लिसिट सब्सिडी दी गई है, उसमें 43,653 करोड़ रुपया दिया गया है।

सभापति महोदय, अगर SEZs इसी तरह से बढ़ेंगे तो सब्सिडी का अमाउंट कितना बढ़ेगा, कहां तक जाएगा, इसका कोई अंदाजा इस सरकार को करना होगा और जब सरकार इसका असैसमेंट करेगी तो उस पर विचार करने के बाद ही उनको SEZs स्वीकार करना चाहिए।

श्री सभापति : सुश्री मैबल रिबैलो। कृपया टाइम का ध्यान रखें।

सुश्री मैबल रिबैलो (झारखंड) : कितना टाइम देंगे?

श्री सभापति : ज्यादा से ज्यादा पांच मिनट।

सुश्री मैबल रिबैलो : पांच मिनट में मैं क्या बोलूंगी।

श्री सभापति : आप लिस्ट देख लीजिए कितने स्पीकर्स हैं, मेरे पास ज्यादा समय नहीं है।

सुश्री मैबल रिबैलो : पांच मिनट में मैं बोल ही नहीं पाऊंगी।

श्री सभापति : तीन मिनट में मैं घंटी बजाकर आपको याद करा दूंगा।

MS. MABEL REBELLO: Sir, this concept of Special Economic Zone is really wonderful because India being a country of almost 110 crore population, we need to remain a manufacturing country. We cannot afford to be a traders' country and today in a globalised economy when the world has become a global village we have got to compete with people and particularly, with giants like China who have set up, maybe, ten to fifteen years ago large economic zones and gave lot of incentives because of which the product has become very cheap and we have got to compete with them and for that we need to manufacture. The concept is definitely wonderful and, I believe, in five years' time something like Rs. 40,000 crores will come by way of investment. This is one way of encouraging the FDI to come into the country and also to encourage people to invest in India -- I mean, domestic investment.

Sir, there are a few things which I would like to bring to the notice of the hon. Minister. The speaker before me has spoken about the incentives that are available in the SEZs, like Customs Duty exemption, Income Tax exemption, Single Window Clearance and all that. I am not going into all that. But, I have a few anxieties. Sir, 150 SEZs have already got clearance and 200 SEZs have applied for clearance. My anxiety is: in the SEZs only 25 per cent of land is reserved for manufacturing sector and the 75 per cent is reserved for other activities, like schools, housing, commercial activities, etc. It is almost like some sort of real estate business. So, I would request the hon. Minister that instead of 25 per cent reservation left for manufacturing and services sectors, he should make it 100 per cent for them. If it is not 100 per cent, at least, 75 per cent should be reserved for this. Otherwise, the concept and the idea of SEZ is totally lost. Why do we have the SEZs? We have the SEZs to encourage people to manufacture. What will happen if we have an SEZ for services sector? Sir, a large number of jobs are created. Who will get jobs in the manufacturing sector? Half educated and illiterate people will also get jobs. In the services sector, educated people will get jobs. One of the major problems that we are facing today is educated unemployment. Similarly, illiterate people also don't have employment opportunities.

Why do we have naxalite problem in Jharkhand and Chhattisgarh? All this is because we are not able to give employment to our people, be they educated or uneducated.

MR. CHAIRMAN: Especially, Jharkhand.

MS. MABEL REBELLO: Yes, Sir. 20 districts, out of 22 districts of Jharkhand, are affected with naxalism. They made it compulsory that every family has to give one child to Naxalite movement. And, what is happening today? Families are giving girls to naxalite activities! That is why there are a large number of girls as naxalites. I am saying this since you have mentioned it. So, this is the problem before us. We should read the writing on the wall and we should apply our mind and address this problem of unemployment in the country. This is one way of doing and settling this problem.

MR. CHAIRMAN: Okay. Thank you, thank you.

MS. MABEL REBELLO: Sir, my anxiety is also this. What is happening today? So many large industrial houses have taken already permission to set up the SEZs. That is, 150 have already got the

permission and 200 are on the way. How much land will they be taking? They will be taking something like 4 lakh acres of land. Which land are they taking? It is not fallow land. It is a very good cultivable land. If good cultivable land is used for SEZs, what will happen to our country? We need grain to feed our 110 crore people? A fortnight ago, the hon. Agriculture Minister, who is sitting here, said that after three to four years we would have to continuously import grains to feed our people. Therefore, my anxiety is that to set up the SEZs we should not use good land. We are using black cotton soil for the SEZs. We are not paying adequate price to our farmers to get land from him for the SEZs. What happened in Kalinganagar in Orissa sometime ago? The Government acquired land to set up industrial units @ Rs. 35,000 per acre from farmers and sold that land to industrialists @ 3.5 lakhs per acre. Is the Government a business house wanting to make money? You have sold the land ten times more than the price that was paid to farmers and tribals. This is exploitation.

MR. CHAIRMAN: Please conclude.

MS. MABEL REBELLO: I request the hon. Minister not to take land at throwaway price or forcefully from the farmers.

MR. CHAIRMAN: That is a very good suggestion. Now, Smt. N.P. Durga.

SHRIMATI N.P. DURGA (Andhra Pradesh): Mr. Chairman, Sir, my first clarification, which I wish to seek from the hon. Minister, is that the Minister, while replying to this question, said that there were three stages of approvals and if any entrepreneur or investor wished to set up an SEZ he should pass through three layers of scrutiny. Of these, only the second layer of scrutiny is important. So, I wish to know what are the requirements that one has to fulfil and whether the issue of land acquisition and payment of appropriate compensation comes under this stage of scrutiny. If so, I wish to know from the hon. Minister what are the mandatory guidelines that have to be followed by an investor and how the compensation is calculated. I am asking this because one SEZ at Varadiahpalem Satyavedu is coming up in my district Chittoor and 15,000 acres of agricultural land has been acquired against the wishes of our farmers. But, the farmers are not assured proper compensation and even if they are paid, it is pittance. So, I wish to know from the hon. Minister on this.

Sir, the primary aim of setting up an SEZ is to attract investment and it should not be that all investment comes only into SEZs and other regions or areas of that State are deprived of development; because, if you look at the SEZs operating in the country, they are all in developed States or in the developed regions and there is not even a single SEZ in backward States. If it goes on like this, it will create an imbalanced growth in the country. So, I wish to know what the Ministry is doing to open more and more SEZs in backward regions of the country.

The next point, is the entrepreneurs have little concern over the employees working in SEZs and have become notorious for many things, particularly with regard to violation of environmental norms and exploitation of labour. Sir, there are 40 per cent women working in various SEZs in the country. As per the Report brought out by International Confederation of Free Trade Unions, in these 'free' trade zones, it is the employers who run free like a fox in a henhouse. The report points out that enterprises in the zones gain their comparative advantage really through worker's exploitation and anti-union repression. Most of these enterprises are out to break their competitors in the price war, and they don't mind breaking the backs of their workers and the union to achieve that. With the new SEZ Act, 2005, the zones have been declared a 'public utility service', which imposes restrictions on workers going on strike. Moreover, the delegation of the powers of the State Labour Commissioner to the specially appointed Development Commissioner is expected to give little importance to labour rights in SEZs. So, I wish to know what the Ministry is doing, particularly with regard to women force in this regard.

Another problem with the SEZs is that the units operating elsewhere are shifting their production and processing to these tax-free zones. So, there is a danger of failure to enhance the capabilities by shifting the units. By doing so, the units have twin advantages. The first one is, they get all sops and exemptions. Secondly, they can have hire-and-fire policy. So, I would like to know from the hon. Minister whether the Government would insist on additional job creation once the unit is shifted to SEZ from other area. If not, the reasons may be given. (*Time-bell*)

Sir, my final point is whether it is true that the SEZs will come in the way of the proposed uniform Goods and Service Tax proposed by the Kelkar Task Force. If yes, how will the Ministry get out of this?

Thank you very much, Sir, for having given me this opportunity.

श्री मंगनी लाल मंडल (बिहार) : माननीय सभापति महोदय, स्पेशल इकॉनोमिक जोन के मामले में माननीय सदस्यों की जैसी राय आ रही है और जैसा कि चीन का उल्लेख किया जा रहा है, यह बात सही है कि विशेष आर्थिक जोन की अवधारणा चीन से ही आई है। लेकिन चीन की बहुत सारी चीजों का उदाहरण देने से हर चीजों का अनुकरण नहीं होता है। वहां एक चीज के लिए हमने देखा है, जो जानकारी है वह यह है कि चीन में जो कृषि योग्य भूमि है वहां उसको विशेष जोन में नहीं लिया गया है, गांव के गांव हटा कर एक जगह बसाया जा रहा है, शहर के रूप में, मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बनाकर के, वहीं पर उसमें व्यापार के लिए भी, रोजगार के लिए भी अवसर दिया जा रहा है और कृषि योग्य भूमि में खाद्यान्न का उत्पादन करने के लिए भी उसको उसमें जोड़ा है। यही कारण है कि जो चीन पहले गेहूं के मामले में भी आत्मनिर्भर नहीं था, वही आज चीन गेहूं का निर्यात कर रहा है और छोटे पुर्जों से लेकर बोइंग-737 के भी पुर्जे बना रहा है और कई टीएचडी का अपना नामकरण दे करके विश्व बाजार में निर्यात कर रहा है। यह प्रगति उसकी है। स्पेशल जोन की जो अवधारणा हमारे यहां है, विशेष आर्थिक क्षेत्र की, यह कृषि पैदावार के लिए नहीं है, बल्कि कृषि की भूमि ले रहे हैं। यह विशुद्ध रूप से व्यापार पर निर्भर है, जिसमें बिचौलियों, आढ़तियों, कम्पनियों और बड़े लोगों को लाभ मिलेगा और किसानों के हित का नुकसान होगा। महोदय, इसलिए मैं समझता हूं कि एक बिंदु पर सबकी राय एक जैसी है। चीन में जो भी कृषि योग्य भूमि है, उसमें स्पेशल जोन नहीं बनता है, जिसमें कृषि की पैदावार नहीं हो सकती है, वहीं स्पेशल जोन बनता है।

सभापति महोदय, यहां हमारा उत्पादन ही नहीं घटा है, माननीय कृषि मंत्री जी यहां बैठे हैं, हम 50 लाख टन गेहूं का आयात कर रहे हैं, यह हमारा निर्णय है और आगे भी यही स्थिति होगी। हमारे यहां जो कृषि योग्य भूमि थी, उसका आकार घटता जा रहा है। वर्ष 1983-84 में जहां 131.6 मिलियन हैक्टेयर कृषि योग्य भूमि थी, घटते-घटते आज उसकी स्थिति यहां तक आ गई है कि 120.16 मिलियन हैक्टेयर भूमि हमारे पास कृषि के उत्पादन के लिए रह गई है। यह क्रम क्रमानुसार घटता गया है। वर्ष 1999-2000 में 127 मिलियन हैक्टेयर था 131 मिलियन हैक्टेयर के मुकाबले में, आज यह 120 मिलियन हैक्टेयर है। इस प्रकार जो इन्होंने अपने आन्ध्र प्रदेश के जिले की चर्चा की, इन्होंने भी चर्चा की है, हरियाणा में एक से एक एमओयू राज्य सरकार द्वारा साइन हो रहे हैं। हरियाणा की सरकार कह रही है कि 10 हजार करोड़ रुपये की हमारी आमदनी होगी, व्यापार के द्वारा - इन्फॉरमेशन टेक्नालाजी हो या दूसरी चीज़ हो या दूसरा पार्ट पुर्जा बने, कृषि योग्य जो भूमि है, उसको बर्बाद करके 10 हजार करोड़ रुपया सालाना तो हरियाणा को आमदनी होगी, लेकिन खेती पर हमारी निर्भरता घटेगी। सारे लोग जानते हैं - हरियाणा हो, पश्चिमी उत्तर प्रदेश हो, पंजाब हो या बिहार में गेहूं की पैदावार हो, यह जो गंगा के किनारे विन्ध्यांचल का इलाका है, नदी के किनारे जो प्रदेश हैं, उन प्रदेशों में ज्यादा भूमि गेहूं के लिए और अन्य प्रकार के अनाज के लिए उपजाऊ है।

महोदय, इसमें हमको एक बात सरकार से कहनी है कि जो कृषि योग्य भूमि स्पेशल इकोनोमिक जोन के लिए ली जा रही है, उस पर पाबंदी लगाई जाये। महोदय, दूसरी बात यह है कि इसमें करीब 16-17 राज्य हैं। झारखंड में तो अभी एक ही हुआ है, सबसे ज्यादा 18 महाराष्ट्र में हैं, अभी तक 18 का एप्रूवल हो चुका है, राष्ट्रीय स्तर पर 105 का अनुमोदन हुआ है और सबको मिलाकर 210 होगा, जो अभी पाइपलाइन में हैं। अब इसकी बाढ़ आ रही है

और इसको बहुत ज्यादा रियायत मिलने वाली है। सरकार द्वारा दी जा रही रियायत कम नहीं है। सरकार का जवाब है, मैं सिर्फ उसको कोट कर देना चाहता हूं,

"The major incentives offered to units in the SEZs to promote exports include duty free import/domestic procurement of goods, exemption from Central Sales Tax on supplies made from Domestic Tariff Area, exemption from service tax and 100 per cent income tax exemption on export profits for the first five years, 50 per cent for the next five years and 50 per cent of ploughed back export profits for the next five years."

आप ये विशेष सुविधाएं उनको दे रहे हैं, व्यापार करने वालों को, बिचौलियों को, बड़े आढ़तियों को, रिलायंस जैसी बड़ी कम्पनियों को या जो विदेशी जैपनीज़ कम्पनीज़ आ रही हैं। इसलिए कृषि योग्य भूमि को बर्बाद करने पर पाबंदी लगनी चाहिए। इन्हीं बातों के साथ, मैं इसका विरोध करता हूं। लेकिन सरकार का यह प्रपोजल है, इसलिए मैं समर्थन करता हूं।

श्री सभापति : बहुत-बहुत धन्यवाद। श्री तरलोचन सिंह । यह कौन-सा सिस्टम है, यह कौन-सा सिस्टम है। ...**(व्यवधान)**...

श्री तरलोचन सिंह (हरियाणा) : धन्यवाद चेयरमैन साहब। मैंने यह मोशन अंडर 170 में मूव किया था और आपने इजाजत भी दी थी। मैं दो-तीन पाइंट ही कहूंगा कि यह जो एसईजेड के बारे में, भारत सरकार ने उनको जो फैसिलिटीज़ दी हैं, वे इसलिए दी हैं कि वे इंडस्ट्री लगायेंगे और एक्सपोर्ट करेंगे। लेकिन यह हमें समझ में नहीं आया कि इंडस्ट्रियल हाउसेज़ को, जो बड़े-बड़े हैं, उनको लाया गया, तो फिर उनको बिल्डर क्यों बना रहे हैं। हमारे तो हरियाणा-पंजाब में, जितनी बिल्डर लॉबी है, यह इकट्ठी होकर यहां जमीन को एसईजेड के रास्ते कब्जा करने के लिए आ चुकी है। और इनका प्रोविज़न ऐसा है कि जितनी ज़मीन वे लेंगे, उसमें से आधी से ज्यादा पर वे रेज़िडेंशियल कॉलोनी बनाएंगे, इंस्टीट्यूश्नल एरिया बनाएंगे और उनको बेचेंगे। अब क्या हो रहा है, मैं हरियाणा की मिसाल देता हूं, हरियाणा में गुड़गांव के पास, जब से यह मेगा एसईज़ेड प्रोजेक्ट बनाया है, ज़मीन की कीमत 15 लाख पर एकड़ हो चुकी है।

श्री सभापति : यह तो किसानों को फायदा हो रहा है।

श्री तरलोचन सिंह : सर, इसमें कोई किसान का फायदा नहीं है। ...**(व्यवधान)**... यही तो मैं कहना चाहता हूं कि किसान दोनों तरफ से मर रहा है। किसान को इसमें कोई फायदा नहीं है। ...**(व्यवधान)**... सर, मैं बताना चाहता हूं कि...**(व्यवधान)**...

SHRI V. HANUMANTHA RAO (Andhra Pradesh): Sir, in Hyderabad, it is 10 crores or 14 crores per acre...*(Interruptions)*...

श्री सभापति : किसकी ज़मीन है यह? यह ज़मीन किसकी है।...**(व्यवधान)**... ठीक है, अब हो गया। चलिए, आप बोलिए।...**(व्यवधान)**... बैठिए, बैठिए।...**(व्यवधान)**...

श्री तरलोचन सिंह : सर, ऐसा लग रहा है कि जो बिल्डिंग लॉबी है और जो माफिया हैं, इनके साथ अफसर और पॉलिटिशियंस, सब इकट्ठे हो गए हैं क्योंकि हमारे जो मुख्यमंत्री हैं, दोनों स्टेट्स में, वे, जो कानून है, उससे भी आगे निकल गए। इनका एक्ट कहता है कि सारे

कानून इनके जो हैं, वे पीछे रह गए हैं। हरियाणा में क्या किया कि एसईज़ेड वालों को लैंड यूज़ चेंज की अथॉरिटी भी दे दी कि जब चाहें, जो मर्जी कर लें। उससे क्या होगा, एक मिसाल पहले थी कि जब पेप्सी को बैन किया गया तब पेप्सी पंजाब में आयी...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति : अब खत्म करिए आप।

श्री तरलोचन सिंह : वे कहेंगे कि बड़ी-बड़ी फेक्ट्रियां लगाएंगे। एक फेक्टरी ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति : आपका टाइम खत्म हो रहा है।

श्री तरलोचन सिंह : सर, मैं बताना चाहता हूं कि...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति : मैं अलाऊ नहीं करूंगा। अपने टाइम में बोलिए।

श्री तरलोचन सिंह : एक मेगा एसईज़ेड प्रोजेक्ट की एक रिपोर्ट "हिन्दुस्तान टाइम्स" ने 24 जुलाई को छापी। उसमें यह लिखा है कि यह जो रिलायंस का प्रोजेक्ट हरियाणा में आया है, दस साल में ये 20 हजार करोड़ रुपए कमाएंगे। 45,000 करोड़ इनका रेवेन्यू है और टोटल एक्सपेंडीचर 25,000 करोड़ है। उनकी यह रिपोर्ट कहीं अखबार के पास आ गयी। इसमें किसान को क्या फायदा है? इसमें यह लिखा है कि वे जितनी ज़मीन बेचेंगे, जितनी कॉलोनीज़ बनाएंगे - उन्होंने असत्य शो कर दिया है कि एयरपोर्ट बनाएंगे। आज ही मैंने सवाल डाला था, जवाब मिला कि There is not any proposal with the Government to have any airport near Gurgaon. सर, मैं तो यह बात इसलिए कह रहा हूं कि हरियाणा में 1500 एकड़ ज़मीन, एक प्राइम लैंड चौटाला जी ने इकनॉमिक ज़ोन बनाने के लिए गुड़गांव में ली थी। वह ज़मीन भी उन्होंने थ्री अवे प्राइस पर इस कम्पनी को दे दी। फार्मर को जो पैसा मिलना था, उससे बहुत कम मिल रहा है। एक और बड़ा जरूरी प्वाईंट है। यह जो दिल्ली सिटी है, इसके लिए भारत सरकार ने, दिल्ली में जो कंजेशन हो रही है, डेढ़ करोड़ की आबादी हो चुकी है, इसके लिए एक National Capital Region बनाया गया था और उसके लिए एक एनसीआर प्लान बना, उस प्लान के ड्राफ्ट में तीनों चीफ मिनिस्टर्स के सिग्नेचर्स हैं। वह प्लान रिलीज़ हुआ कि दिल्ली के आस-पास डेढ़ सौ मील तक एक ऐसा वातावरण बनाया जाए। दिल्ली के लोग कहां जाएंगे? लेकिन यह जो एसईज़ेड बना, इसने, वह प्लान जो यूपी, हरियाणा और दिल्ली, तीनों चीफ मिनिस्टर्स ने साइन किया, उस पर ओवरराइडिंग करके उसको खत्म कर दिया क्योंकि जितने लोग दिल्ली में रहते हैं, उनका भविष्य एसईजेड के इस प्लान के साथ बंधा हुआ है। इसके लिए मैं मंत्री जी से कहूंगा कि जो एनसीआर का प्लान रिलीज़ हुआ है, प्लीज़, उसको देखिए, कहीं उस प्लान को - दिल्ली इंडिया की केपिटल है - एसईजेड वाले उसको खराब न कर दें। फार्मर्स के संबंध में एक बात कहना चाहता हूं कि जमीन पहले ही बहुत थोड़ी है। अभी जो बहस हो रही थी, उसमें मैंने भी बोलना है, जमीन तो कम होती ही जा रही है, अगर आप सारी एग्रीकल्चरल ज़मीन ले लेकर बनाओगे तो अल्टीमेट नुकसान इंडिया का ही है। धन्यवाद।

SHRI SHARAD ANANTRAO JOSHI (Maharashtra): Mr. Chairman, Sir, the Special Economic Zones is an idyllic idea. It can be compared with golden land in the novel 'Atlas Shrugged' by Ayn Rand. An innovator, inventor and a great manufacturer founds, say, a nation away from all

nations where the entrepreneur, inventor and the innovator will have no handicaps. That is the kind of experiment we need to try in India getting out of the socialist licence permit quota raj and taxation raj. The idea suffers from certain disadvantages in application and one of the biggest difficulties that has come up in Haryana and Uttar Pradesh -- where Shri V.P. Singh also went -- is the method in which the land is taken from the farmers. Sir, if your entrepreneur is going to be freed from all kinds of restrictions that were characteristics in the socialist era, then, there is absolutely no reason why you should the land acquisition, which comes from the old socialist era be continued.

In Maharashtra, Sir, -- thanks to our Minister for Agriculture, -- we have evolved a formula. It is not a question of whether the land is fit for agriculture or not. The question is, does the farmer want to continue as a farmer or not? If he wants to continue as a farmer, there will be no acquisition in land; and if he is not prepared to continue as a farmer, then he will have the full liberty to dispose of his land to anybody he likes at a price that he can get, the best price that he can get. If we follow that, then, I think, the farmer will also be put on par with the free entrepreneur and you will get rid of many of the headaches that you are having in starting the Special Economic Zones. Thank you.

